अत्यावश्यक

राजस्थान सरकार
निर्वाचन विभाग

क्रः एफ. 3/III-A/ELEC./EPIC-VII/Gen./11/551 जयपुर, दिनांक : 21.02.13

प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर ।

प्रेषिति : समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी
(कलक्टर) राजस्थान

विषय : फोटोयुक्त मतदाता सूची 2013 एवं मतदाता फोटो पहचान पत्र कार्यक्रम में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत **मतदाता सूची 2013 का अन्तिम प्रकाश 21 जनवरी 2013** को हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा **फोटोयुक्त मतदाता सूची में शत प्रतिशत मतदाताओं के फोटोज मुद्रित करने एवं शत प्रतिशत मतदाताओं को पहचान पत्र जारी करने के निर्देश इस विभाग को दिये गये हैं।**

आयोग के उक्त निर्देशों के अनुसरण में मतदाता सूची हेतु अनंबंधित फर्मै द्वारा **फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची 2013** के आधार पर मतदाता सूची में फोटो मुद्रित होने से अवशेष मतदाताओं एवं पहचान पत्र से अवशेष मतदाताओं की भागवार अद्यतन सूची **(ब्लाक फारमेट में) 25 फरवरी 2013 तक** आपको उपलबध कराई जायेगी। इस सूची के अनुसार फोटो मुद्रित होने से अवशेष मतदाताओं एवं फोटो पहचान पत्र से अवशेष मतदाताओं के **फोटोग्राफ्स बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से विभागीय पत्रांक 423 दिनांक 12.02.13 के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों में चिन्हित त्रुटियों के निराकरण हेतु घर–घर जाकर किये जाने वाले सर्वे के दौरान ही 15 मार्च, 2013 तक एकत्रित करावें।**

एकत्रित उक्त फोटोग्राफ्स में से मतदाता सूची में फोटो से अवशेष मतदाताओं के फोटोज, मतदाता सूची हेतु अनंबंधित फर्म को निरन्तर अद्यतन के पूरक में मुद्रित करने एवं पहचान पत्र से अवशेष मतदाताओं के फोटोज, पहचान पत्र बनाने हेतु अनुबंधित फर्म को उपलब्ध करावें ताकि शत प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके।

(अशोक जैन)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर ।

अत्यावश्यक

क्र: एफ. 3/III-A/ELEC./EPIC-VII/Gen./11/551 **जयपुर, दिनांक : 21.02.13**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि प्राप्त फोटोग्राफ्स के आधार पर मतदाताओं के फोटो निरन्तर अद्यतन के दौरान तैयार पूरक में मुद्रित कराना एवं पहचान पत्र तैयार कर निर्धारित अवधि में आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करावें:–

1- मै॰ मल्टीवेव इनोवेशल, बी–4, गणपति प्लाजा के पीछे, जयपुर
2- मै॰ नेचुरल सॉफ्टवेयर (प्रा॰) लि॰, सी–2, पंचशील कॉलोनी, पुरानी चुंगी के पास, अजमेर रोड, जयपुर
3- मै॰ बिजनिस इनफोरमेशन प्रोसेसिंग सर्विसेज, 128, विद्युत नगर, बी– क्वीन्स रोड, जयपुर
4- मै॰ जैम कम्प्यूटर्स, बी–2, अक्षत अपार्टमेंन्ट, बीहारी मार्ग, बनीपार्क जयपुर
5- मै॰ बाईनरी सिस्टम्स, बी–5–6, अक्षत अपार्टमेंन्ट, बीहारी मार्ग, बनीपार्क जयपुर
6- मै. सार टैक्नोलोजी, बी–101, वैशाली नगर, जयपुर।
7- मै॰ यू.एम.सी. टेकनोलोजीज प्रा॰ लि॰, 208, अलंकार प्लाजा, सेन्ट्रल स्पाईन, विद्याधर नगर, जयपुर

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर ।